साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## फिर साथ आए राजकुमार राव और कंगना



फिल्म चीन में ऐक्टर राजकुमार राव के साथ काम करने के बाद ऐक्ट्रेस कंगना रनौत एक बार फिर राजकुमार के साथ अपनी जोड़ी बनाने जा रही हैं। दरअसल शैलेश आर. सिंह एकता कपूर के साथ मिलकर एक फिल्म बना रहे हैं और उसी फिल्म में कंगना और राजकुमार राव साथ नज़र आएंगे। कंगना को खुश करना बड़ा आसान यह एक सायकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म होगी जिसकी कहानी लंदन और मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग इस साल मार्च में शुरू होगी। राजकुमार राव और कंगना रनौत इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हैं, लेकिन राजकुमार को ज़्यादा खुशी इस बात की है कि वह फिर से कंगना रनौत के साथ काम करने जा रहे हैं। कुछ वक्त पहले एक इंटरव्यू के दौरान कंगना की तारीफ करते हुए राजकुमार राव ने कहा भी था, कंगना और मैं बहुत अच्छे दोस्त हैं। क्वीन के सेट पर हम दोनों के बीच बहुत जल्द ही दोस्ती हो गई थी। कंगना को खुश करना बड़ा ही आसान है। राजकुमार राव और कंगना रनौत को एक बार फिर किसी फिल्म में साथ देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा। दोनो ही काफी टैलंटेड हैं और ऐक्टिंग के लिए नैशनल अवॉर्ड तक जीत चुके हैं। कंगना फिलहाल मणिकर्णिका की शूटिंग में बिज़ी हैं, जबकि राजकुमार राव एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों स्टार्स अपनी इन फिल्मों की शूटिंग पूरी करने के बाद ही एकता कपूर की फिल्म शूटिंग शुरू करेंगे।

## 'सोलमेट' में दोहरी भूमिका में नजर आएंगी अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आने वाली फिल्म 'सोलमेट' में दोहरी भूमिका निभाएंगी। वैलेंटाइन डे पर अदा ने फिल्म के एक दृश्य के साथ इसकी घोषणा की। दृश्य में उनके दोनों किरदारों की झलक देखी जा सकती है। फिल्म के लेखक और निर्देशक अबीर सेनगुप्ता हैं। यह एक आधुनिक कहानी है जिसमें एक लडक़ी अपने हमसफर की तलाश में है। अदा ने एक बयान जारी करते हुए कहा, ''इसका हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं। मैंने इससे पहले ऐसी भूमिका नहीं निभाई। फिल्म में मेरे दो किरदार हैं। मैं अपने किरदार के बारे में और बताने के लिए बेकरार हूं लेकिन फिलहाल मैं केवल इतना ही बता सकती हूं।''इससे पहले अदा '1920', 'हंसी तो फंसी' और 'कमांडो 2' में दिखी थीं। दक्षिण सिनेमा में भी वह 'हार्ट अटैक', 'सन ऑफ सत्यमूर्ति', 'रण विक्रम', 'सुब्रमण्यम फॉर सेल' और 'गरम' में अभिनय कर चुकी हैं।

## डब्बू रतनानी के कैलेंडर में नजर आएंगी मानुषी छिल्लर



नया साल शुरू हो चुका है और हर साल की तरह इस साल भी बॉलीवुड के प्रसिद्ध फोटोग्राफर डब्बू रतनानी एक बार फिर सितारों से सजा अपना कैलेंडर लेकर आ चुके हैं. डब्बू का यह कैलेंडर आज रिलीज किया जाएगा. इस कैलेंडर के लिए डब्बू रतनानी ने बॉलीवुड के 24 सितारों को चुना और इस कैलेंडर पर जगह दी हैं. इन सितरों में शाहरुख खान, काजोल, अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय जैसे सितारे शामिल हैं. इस साल के डब्बू के इस कैलेंडर में सिर्फ एक ही नई एंट्री हुई है और वह है मिस वर्ल्ड मानूषी छिल्लर की। हाल ही में देश को पूरे 16 सालों बाद मिस वर्ल्ड का खिताब जिताने वालीं मानुषी छिल्लर पहली बार इस कैलेंडर में नजर आएंगी. बॉम्बे टाइम्स से बात करते हुए डब्बू ने कहा कि मानुषी इस कैलेंडर में जैसी नजर आने वाली हैं, वह इससे पहले इस अंदाज में कभी नहीं दिखीं हैं. उन्होंने बताया कि इस साल ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस कैलेंडर के लिए उन्हें काफी इनपुट दिए हैं और वह इसके लिए काफी एक्साइटेड थीं. जबकि वहीं अमिताभ बच्चन अकेले ऐसे स्टार थे जो फोटो खिंचने के बाद अपने फोटो देखने के लिए एक्साइटेड नहीं थे. डब्बू के इस कैलेंडर में शाहरुख खान, काजोल और आलिया भट्ट स्मोकिंग लुक में नजर आने वाले हैं. साल 2018 का यह कैलेंडर आज मुंबई में लॉन्च होने वाला है.




## हुमा के साथ दोबारा हॉरर फिल्म नहीं करुंगा: साकिब सलीम



बॉलिवुड में मुझसे फ्रेंडशिप करोगे फिल्म से अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाले साकिब सलीम जल्द ही तापसी पन्नू के साथ दिल जंगली में नजर आने वाले हैं। यहां साकिब ने अपनी इस फिल्म, प्यार और ऐक्टिंग के बारे में बातें कीं... इस फिल्म में काम करने की कोई खास वजह? मुझे लगता है कि मैंने बहुत सी अलग फिल्में कर ली हैं। मेरा मन अब कमर्शल फिल्में करने का था। दिल जंगली बनने के दौरान बहुत मजा आया। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि इसमें ज्यादातर यंग लोग हैं। स्टारकास्ट से लेकर डायरेक्टर और पूरी प्रॉडक्शन टीम यंग लोगों से भरी हुई थी। मैं आपको बताता हूं कि हमें इस फिल्म का आइडिया कहां से आया। मैंने और तापसी ने एक म्यूजिक विडियो में साथ काम किया था। उस विडियो को आलिया सेन (डायरेक्टर) ने ही डायरेक्ट किया था। उसी वक्त आलिया ने मुझे दिल जंगली के बारे में बताया था। तब से हम इस फिल्म से जुड़ गए। इस फिल्म की कहानी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि प्यार को इसमें कहीं से भी मेलोड्रमाटिक अंदाज में पेश नहीं किया गया है। यहां आपको ऐसा प्यार दिखेगा जो बेहद ही सरल है। जीवन के हर पड़ाव पर प्यार के मायने बदल जाते हैं। टीनेज के वक्त जो प्यार की मासूमियत थी वह बड़ी उम्र में कहां मिल पाती है। फिल्म में हमने प्यार को लेकर भी कोई ज्ञान नहीं बांटा है। दिल दिवाना होता है, उल्लू का पट्ठा भी हो गया, लेकिन अब जंगली। आपका दिल असल जिंदगी में कैसा है? सच में मेरा दिल बहुत ही जंगली ही है। मुझे लगता है कि हमें प्यार खुलकर करना चाहिए। हम आज एक ऐसे समाज में रहते हैं जहां मां-बाप से भी खुलकर अपने प्यार का इजहार नहीं कर पाते। पता नहीं ऐसा क्यों है। जब हम यंग होते हैं तो ज्यादा बेपरवाह, फ्री और जंगली होते हैं। जैसे ही बड़े होते जाते हैं तो इन सब चीजों पर कंडीशन लगा दी जाती हैं। इसलिए मेरे लिए बड़ा होना एक जाल जैसा ही है। आप क्यों 70 साल के होने के बाद अपनी बीवी को आई लव यू नहीं बोल सकते हैं। मुझे यह सब नहीं समझना है, मुझे तो रोज बताओ कि आप मुझसे प्यार करते हो। आपके लिए प्यार की क्या परिभाषा है। आप पहली बार कब प्यार में पड़े? फिलहाल मेरे लिए इसकी परिभाषा कुछ और है। मैं सोचता हूं कि जब आप अपने आपसे ज्यादा सामने वाले के बारे में सोचने लगते हैं तो यह सही मायने में प्यार है। आप हमेशा उनके लिए सोचें और उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश करते रहें, यही तो प्यार है। अगर सच्चा प्यार हो तो कभी भी बोरियत नहीं होती, वह फ्रेशनेस हमेशा बनी रहती है। लेकिन आज के जमाने में मुझे प्यार से ज्यादा सहूलियत दिखती है। लोग अपने मतलब और सहूलियत के लिए भी प्यार करने लगते हैं। मुझे पहली बार प्यार तब हुआ जब मैं 16 साल का था। मैं पहले बॉयज़ स्कूल से था जहां से मुझे निकाल दिया गया था। नया स्कूल मेरा को-ऐड था। मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात थी कि एक ही क्लास रूम में बैठकर लड़का और लड़की पढ़ाई करने वाले हैं। उस क्लास रूम में मेरे पीछे एक लड़की बैठी हुई थी। मैं उससे शार्पनर लेने के लिए पीछे मुड़ा और मुड़ते ही मेरी नजर उसपर पड़ी और एक झलक में ही दिल दे बैठा। मैंने मन ही मन उसे आई लव यू बोल डाला था। उस वक्त का मजा ही कुछ और था। घर वालों से छुप-छुप कर बातें करना, फोन के इर्द-गिर्द घूमना, मम्मी फोन उठा ले तो डर जाना। कहां वापस आने वाले हैं वे पल। तापसी के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा? तापसी से मिलते ही ऐसा महसूस हुआ कि यार मुझे तो मेरी गांव की लड़की मिल गई। आज के जमाने में असल इंसान मिल पाना मुश्किल है और तापसी उनमें से एक हैं। वह जो भी अंदर महसूस कर रही होती हैं, उसे बोलने में कोई हिचक नहीं रखतीं, सामने चाहे कोई भी बैठा हो। मुझे उनका बिंदासपन बहुत पसंद है। वह जो भी करती हैं पूरे दिल से करती हैं। खासकर हम दोनों का सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत ही देसी है। उनके साथ ही नहीं, हमारी टीम में ज्यादातर लोग दिल्ली से ही हैं। हम सभी वॉट्सऐप में एक ग्रुप से जुड़े हैं जिसमें 3 लड़के और 6 लड़कियां हैं। हम सभी के बीच एक बेहतरीन बॉन्डिंग बन गई है। हम अक्सर प्लान बनाकर मिलते रहते हैं, इसकी सबसे बेस्ट बात यह है कि हम काम की बातें नहीं करते हैं। फिल्म नहीं चल पाने का कितना मलाल होता है? मेरे लिए हर फिल्म एक रिश्ते की तरह होती है। मैं फिल्म को अपनी गर्लफ्रेंड ही समझता हूं क्योंकि इतना समय और एनर्जी उसमें लगाता हूं। अपने कैरक्टर के बारे में इतनी शिद्दत से सोचता रहता हूं लेकिन जब वह नहीं चल पाती है तो ऐसा लगता है कि बैड ब्रेकअप हुआ है। दिल में आता है कि कहीं से कूद जाऊं या कुछ कर लूं। बहुत रोने का मन करता है, भूख नहीं लगती, गुस्सा आता है। लेकिन यह सब दो तीन दिन के बाद ठीक हो जाता है। फिर मैं अपनी गलतियों पर आत्ममंथन करता हूं। क्या फिल्म को चुनना गलत था या मेरी परफॉर्मेंस में कोई कमी थी। लोग जो फिल्म के बारे में लिख रहे होते हैं, वह पढ़ता हूं और उन कमियों पर काम करता हूं। अपनी गलतियों को दोहराने की कोशिश नहीं करता। मेरी पिछली फिल्म मेरी बहन हुमा कुरैशी के साथ थी, जो नहीं चली।

इसके बाद हमने सोचा कि चलो कुछ साल तक एक साथ काम नहीं करेंगे। कुछ साल अलग काम करते हैं फिर अगर साथ आते हैं तो अव्वल हॉरर फिल्म नहीं करेंगे, कोई लाइट कॉमिडी फिल्म में काम कर सकते हैं।

# मार्च के दूसरे सप्ताह में रिलीज होगी डमरू




भक्त और भक्ति की लाइन पर बनी भोजपुरी फिल्म डमरू इन दिनों चर्चे में है। भोजपुरी सिनेमा में इस फिल्म का कंटेंट अपनी आप में अलग है। तभी तो डमरू ऐसी पहली फिल्म बन गई जिसने एक राष्ट्रीय स्तर की वेब साइट में रिलीज से पूर्व की लोकप्रियता में चौथा स्थान हासिल करने में सफल रही। इस बारे में फिल्म के निर्माता प्रदीप कुमार शर्मा का भी मानना है कि अगर फिल्म के कंटेंट अच्छे होंगे और उसके प्रजेंटेशन का स्तर उम्दा हो तो लोगों को पसंद आयेगी ही। बता दें कि प्रदीप शर्मा भोजपुरी के अलावा हिंदी और मराठी फिल्में भी प्रोड्यूस कर चुके हैं। प्रदीप कुमार शर्मा से बातचीत के अंश मार्च के सेकेंड वीक में रिलीज होगी डमरू प्रदीप शर्मा ने बताया कि वे डमरू को होली के बाद मार्च के सेकेंड वीक में रिलीज करेंगे। उन्होंने कहा कि हम डमरू को एक साथ ऑल ओवर इंडिया रिलीज करेंगे। इसके लिए हम अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। मेरी कोशिश डमरू को मल्टीप्लेक्स में भी रिलीज कराने की होगी। हम अपनी फिल्म के जरिये भोजपुरी इंडस्ट्री में ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैंए ताकि मास के साथ साथ क्लास के लोग भी थियेटर तक आयें। बॉलीवुड फिल्म के स्तर पर डमरू के प्रोमोशन की है प्लानिंग प्रदीप शर्मा कहते हैं कि डमरू के लिए प्रोमोशनल एक्टिविटी तो शुरू हो चुकी है। हमने डमरू के प्रमोशन के लिए बॉलीवुड फिल्म के स्तर की प्लानिंग की है। अभी फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है जिसे सोशल मीडिया में काफी अच्छा रिस्पांस मिला। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा मीडिया इसकी पब्लिसिटी के लिए कमाल का काम कर रहे हैं। हमारी बात कुछ टीवी चैनल्स से चल रही है। इसके अलावा प्रोमोशन के अन्य टूलस का भी सहारा लेंगे। पूरब कोहली ने दावा किया कि डमरू भोजपुरी सिनेमा पर लगने वाले अश्लीलता के टैग को अनटैग करेगा। प्रदीप कहते हैं कि जिन लोगों की समझ भोजपुरी के लिए गलत है वे हमारी इस फिल्म को देखकर अपनी सोच जरूर बदलेंगे। हमें लगता है कि भोजुपरी में अश्लीलता को पसंद करने वालों की संख्या एक भाग में है और इसकी वजह भोजपुरी से दूर होने वाले लोगों की संख्या भाग है। मैं उन तीन भाग वालों के लिए फिल्म बना रहा हूंए जिसमें महिलाएं और सभ्रांत परिवार से आने वाले लोग आते हैं। वैसे भी जो एक भाग है, उन्हें अगर डमरू जैसी फिल्म मिलेगी तो वे भी भोंडी फिल्म को देखना बंद कर देंगे। फिल्म का पहला 10 मिनट ही दर्शकों को बांधता है प्रदीप शर्मा का मानना है कि कोई भी फिल्म तभी दर्शकों को पसंद आयेगी, जब फिल्म की कहानी उम्दा हो और मेकिंग भी मजबूत हो। मेरा मानना है कि यही दर्शकों के दिल में जगह बनाने का रास्ता है। क्योंकि फिल्म का पहला 10 मिनट दर्शकों को फिल्म से बांध लेता है। उन्होंने कहा कि हमने इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का सारा काम प्रसिद्ध प्रकाश झा के स्टूडियो में किया है। इसमें बॉलीवुड के कई तकनीशियन ने काम किया है। जब उन्होंने इस फिल्म की कहानी देखी तो वे एक बार डमरू के लिर हो गए। कास्टिंग के सवाल पर प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म में स्टारडम होना जरूरी है। लेकिन अगर कंटेंट वैसा हो तो मैं आउडिशन से फिल्म की कास्टिंग करता हूं। जैसा का मैंने फिल्म डमरू में किया है। आउडिशन की लंबी प्रक्रिया के बाद खेसारीलाल यादव के अपोजिट मैंने याशिका को कास्ट किया। अगर एक लाइन में कहूं तो मैं दोनों में विलीव करता हूं। अभी मेरी अगली आने वाली फिल्म धर्मात्मा है जिसमें खेसारीलाल यादव होंगे। काजल राघवानी से बात चल रही है और तीसरे किरदार का तलाश जारी है। हो सकता है उसमें याशिका की तरह कोई नया चेहरा दिखाई दे। भोजपुरी में डिस्ट्रीब्यूशन का पंगा व थियेटर में कम सुविधा भोजपुरी सिनेमा में अच्छी फिल्मों के ना आ पाने के लिए प्रदीप शर्मा डिस्ट्रीब्यूटर्स को भी जिम्मेवार मानते हैं। कहते हैं कि भोजपुरी में डिस्ट्रीब्यूशन का पंगा होता है, जो निर्माताओं के हौसले को क्रश करता है। यह भोजपुरी इंडस्ट्री में मेकर्स के लिए बैड फैक्टर है।

**कमर्सियल फिल्म है डमरू**
प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म डमरू पूरी तरह से कमर्शियल है, जिसमें भगवान से भक्ति की कहानी वर्तमान परिवेश के अनुसार दिखाने की कोशिश की है। अगर आज शिव होते तो वे इस माहौल में क्या करते। यह भोजपुरी सिनेमा में एक नए तरह का प्रयोग है। इसमें भक्ति का मॉर्डन रूप दिखेगा। इसमें दो मेलोडीए तीन रोमांटिक और दो डांसिंग सौंग है। हमने इसमें कोई भी गाना जबरदस्ती ठूंसने की कोशिश नहीं की है। भक्ति वाले गाना में एक मजार और दूसरा भगवान भोलेनाथ से संबंधित है।

## शहीदों के परिवार के लिए पूजा चोपड़ा ने उठाया बड़ा कदम



फिल्म अय्यारी बॉक्स ऑफिस पर भले ही धीमी रफ्तार में हो लेकिन इस फिल्म ने इसके कलाकारों को पूरी तरह से भाव-विभोर कर दिया है। फिल्म की हीरोइन पूजा चोपड़ा ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे हर किसी को उन पर गर्व होगा। पूजा चोपड़ा ने फैसला किया है कि इस फिल्म से उन्हें जितनी भी कमाई होगी उसका एक हिस्सा शहीदों के परिवारों की मदद के लिए जाएगा। पूजा ने यह मदद भारत के वीर नाम की एक संस्था को दी है जो शहीदों के परिजनों के लिए काम करती है। गौरतलब है कि अय्यारी की शूटिंग के दौरान पूजा चोपड़ा और फिल्म के बाकी किरदारों ने जवानों के साथ काफी समय बिताया। पूजा ने बीएसएफ के साथ ट्रेनिंग भी की। इस दौरान पूजा चोपड़ा की मुलाकात जवानों और अफसरों के घरवालों से भी हुई जिनके ज़रिए उन्हें काफी किस्से सुनने को मिले, जानने को मिला कि कैसे सेना के जवान अपने देश के लिए कुर्बानी दे देते हैं। शहीदों की उन कहानियों और दर्द ने पूजा को झकझोर कर रख दिया। बस पूजा चोपड़ा ने फैसला कर लिया कि वह शहीदों के परिजनों की मदद करेंगी। फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही पूजा ने शहीदों के परिजनों की मदद के लिए कमर कस ली और भारत के वीर नाम की संस्था (जोकि भारत सरकार की संस्था है) के ज़रिए उनकी मदद की। बता दें कि अय्यारी की कहानी आर्मी के इर्द-गिर्द है इसमें पूजा ने एक कड़क अफसर की भूमिका निभाई है। फिल्म भले ही कई लोगों को पसंद न आई हो, लेकिन हर तरफ पूजा चोपड़ा की ऐक्टिंग की तारीफ ज़रूर हो रही है...और अब तो इस नेक काम के बाद और भी तारीफ होगी पूजा चोपड़ा की।

## एक बार फिर अक्षय कुमार का टशन बिग बजट फिल्म



अक्षय कुमार ने अपने आज तक के करियर में यशराज फिल्म्स् के साथ मुश्किल से तीन या चार फिल्में की हैं। ये दो नाम कभी ज्यादा करीब क्यों नहीं आ पाए, यह तो नहीं पता। लेकिन अक्षय कुमार फैंस के लिए एक खुशखबरी जरूर है। रेस 3 में सलमान खान को देंगे जबरदस्त टक्कर. धमाकेदार एक्शन! अफवाहों की मानें तो अक्षय कुमार एक बार फिर यशराज कैंप से जुड़ने वाले हैं। खबर है कि आदित्य चोपड़ा अक्षय कुमार को एक बिग बजट फिल्म के लिए साइन करने वाले हैं। और इस फिल्म का निर्देशन चक दे इंडिया फेम शिमित अमीन करने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी बाहर नहीं आई है। वहींए अफवाह यह भी है कि ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी धूम की चौथी फिल्म धूम 4 में भी अक्षय कुमार को जोड़ा जा सकता है। यानि की 2.0 के बाद एक बार फिर अक्षय कुमार निगेटिव भूमिका में नजर आ सकते हैं। बहरहालए यहां जानें किन किन फिल्मों में फाइनल हैं अक्षय कुमार. 2.0 रजनीकांत की इस फिल्म में अक्षय कुमार विलेन बने नजर आएंगे। फिल्म 2018 अप्रैल में रिलीज होने वाली थी। लेकिन खबरों की मानें तो पोस्टपोंड हो चुकी है। इस फिल्म से अक्षय कुमार साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं। गोल्ड रीमा कागती के निर्देशन में बन रही फिल्म गोल्ड में भी अक्षय कुमार हैं। फिल्म की शूटिंग भी खत्म हो चुकी है। इस फिल्म अक्षय हॉकी कोच बलबीर सिंह की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 15 अगस्त 2018 को रिलीज होगी। जबरदस्त फिल्म का सीक्वल लेकिन नहीं होंगे कृति सेनन.सिद्धार्थ मल्होत्रा डायरेक्टर का खुलासा चुपके से आएंगे अजय देवगन और होगा सुपरहिट धमाका रेस 3 के सेट से सलमान खान का थाई भाषा में डायलॉग वायरल देखिए केसरी करण जौहर के प्रोडक्शन फिल्म में अक्षय कुमार होंगे जो कि सारागढ़ी के युद्ध पर आधारित होगी। फिल्म 2019 में रिलीज होगी। हाउसफुल 4 लगातार तीन सुपरहिट फिल्मों के बाद निर्माता साजिद नाडियाडवाला हाउसफुल फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म भी लाने की तैयारी में हैं। जी हां हाउसफुल 4 की घोषणा हो चुकी है। फिल्म 2019 दिवाली पर रिलीज होगी। कंचना 2 रीमेक अफवाहों की मानें तो अक्षय कुमार ने एक हॉरर फिल्म भी साइन की है। यह फिल्म साउथ की सुपरहिट फिल्म कंचना 2 की हिंदी रीमेक होगी।

**मुगल :** गुलशन कुमार बॉयोपिक अक्षय कुमार के हाथ में एक ये बॉयोपिक भी है। हालांकि अफवाहों की मानें अक्षय इस फिल्म से हाथ खींचने वाले हैं। लेकिन अभी कुछ फाइनल नहीं है।